# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने की स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान की समीक्षा, झारखंड की प्रगति पर भी हुई चर्चा।**
2. **जीएसटी सुधार लागू होने से झारखंड में उत्साह का माहौल, भाजपा ने राज्य में अभियान चलाकर स्वदेशी के प्रति लोगों को किया जागरुक।**
3. **देवघर में एचडीएफसी की मधुपुर शाखा में लाखों रुपये की लूट, सात हथियारबंद अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम।**
4. **राज्य में दुर्गा पूजा के दौरान भारी बारिश की चेतावनी, 24 और 25 सितंबर को सात जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी।**

**और**

5. **रांची में 36वीं जूनियर ईस्ट जोन एथलेटिक्स चौंपियनशिप शुरु, झारखंड समेत पूर्वी भारत के 10 राज्यों के 650 एथलीट ले रहे हैं हिस्सा।**

*******************

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की समीक्षा की। बैठक में देशभर से लगभग ढाई हजार से अधिक प्रतिनिधि जुड़े। बैठक में अभियान के अंतर्गत बनाए गए डैशबोर्ड पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि सभी राज्यों को समय पर और सही तरीके से डेटा अपडेट करना होगा। झारखंड से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा अपनी टीम के साथ इसमें शामिल हुए। उन्होंने राज्य में चल रहे अभियान की प्रगति, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना साझा की।

*******************

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

*******************

जीएसटी सुधार लागू होने से झारखंड में उत्साह का माहौल है। खास कर महिलाएं बेहद खुश हैं। हजारीबाग की स्थानीय महिलाओं ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने किचन से लेकर रोजमर्रा की चीजों पर बड़ी राहत प्रदान की है।

*******************

उधर, गिरिडीह जिले में भी जीएसटी दरों में कटौती से लोग बेहद खुश हैं। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों ने ग्राहकों को राहत देना शुरु कर दिया है। एक ग्राहक सोनू सरदार ने बताया कि आज डुमरी में खाना खाने पर उन्हें कई चीजों पर जीएसटी नहीं देना पड़ा।

*******************

इधर, भाजपा की ओर से राज्य के कई जिलों में आज जीएसटी बजत उत्सव के साथ ही स्वदेशी जागरुकता अभियान भी चलाया गया। हजारीबाग में सांसद मनीष जायसवाल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतरे और लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया।

*******************

नवरात्रि के पहले दिन सरकार ने 25 लाख नए पात्र परिवारों को निःशुल्क पीएम उज्ज्वला कनेक्शन देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से उज्ज्वला परिवार में शामिल होने वाली महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का यह कदम न केवल इस पावन पर्व पर उन्हें नई खुशियां देगा, बल्कि महिला सशक्तीकरण के संकल्प को भी मजबूत करेगा।

*******************

देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र में स्थित एचडीएफसी बैंक में आज हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोलकर करोड़ों रुपये लूट लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर लगभग पौने एक बजे सात की संख्या में डकैत बैंक में घुसे और गार्ड, कर्मचारियों तथा ग्राहकों को हथियारों के बल पर अपने कब्जे में लेकर लूटपाट की। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार डकैतों ने बैंक से करीब दो से ढाई करोड़ रुपये की संपत्ति लूटी है। डकैतों को पकड़ने के लिए आसपास के सभी जिलों को अलर्ट किया गया है और पूरे इलाके में सघन नाकेबंदी कर पुलिस द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

बोकारो– रामगढ़ मुख्य मार्ग पर रामगढ़ समाहरणालय के समीप कोठार बड़की नदी के पास बस और ट्रक में आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दो की मौत घटना स्थल पर ही हो गई जबकि 25 गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया, जहा से गंभीर रुप से घायल सात लोगों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

*******************

उधर, गोड्डा जिले के महागामा–एकचारी मुख्य मार्ग पर ग्राम शीतल के पास आज एक सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब दो फीट गहरी खाई में जा गिरी।

*******************

देवघर जिला हरित ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा उदाहरण बन सकता है। इसके लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

*******************

कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का अनुष्ठान शुरू हो गया है। पहले दिन मां दुर्गा के नौ रूपों में से एक मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। नवरात्र के पहले दिन दर्जनों स्थानों से कलश यात्राएं भी निकाली गयीं।

*******************

राज्य में इस बार दुर्गापूजा के दौरान भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने 24 सितंबर को पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं 25 सितंबर को खूंटी, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में जोरदार बारिश हो सकती है। इन सभी जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

रांची में 36वीं जूनियर पूर्वी क्षेत्र एथलेटिक ट्रैक एंड फील्ड चौंपियनशिप आज से शुरु हो गयी है। 24 सितंबर तक चलने वाली यह प्रतियोगिता मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में हो रही है। इसमें झारखंड समेत पूर्वी भारत के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से लगभग 650 उभरते एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

******समाप्त********